श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

दिनांक 26.09.2020

अभ्यर्थियों हेतु अति-आवश्यक दिशानिर्देश

शिक्षाशास्त्री (बी.एड्.), शिक्षाचार्य (एम.एड्.), विद्यावारिधि (पीएच.डी.) प्रवेश परीक्षा-2020 से सम्बन्धित-

1. उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 20.10.2020 (मंगलवार) को विभिन्न केन्द्रों पर प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक (शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य) तथा अपराह्न 02:00 से 04:00 बजे तक (विद्यावारिधि) किया जायेगा।
2. सभी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध सूची में अपना नाम, रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा परीक्षा केन्द्र का स्थान देख कर निर्धारित केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होंगे।
3. सभी अभ्यर्थी अपने पाठ्यक्रम से सम्बन्धित प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेशपत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट से डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होंगे। यह प्रवेशपत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट पर दिनांक 10.10.2020 से उपलब्ध रहेगा।
4. कोविड-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण आवश्यक व्यवस्था में सहयोग हेतु सभी अभ्यर्थियों को शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य प्रवेश परीक्षा हेतु अपने परीक्षा केन्द्र पर प्रात: 08:30 बजे तथा विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा हेतु अपराह्न 12:30 बजे तक पहुचना अनिवार्य होगा।
5. विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जिन अभ्यर्थियों द्वारा जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण की है उनको विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं है।
6. सभी अभ्यर्थी मास्क पहनकर तथा उचित दो गज की दूरी का ध्यान रखते हुए अपने परीक्षा केन्द्र पर यथासमय उपस्थित रहेंगे।
7. सभी प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठात्मक होंगे, जिनका उत्तर ओ.एम.आर (OMR) सीट में ही देना होगा।
8. सभी अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा पूर्ण होने पर प्रश्नपत्र तथा ओ.एम.आर (OMR) सीट को अपने कक्षनिरीक्षक को अलग-अलग जमा करानी होगी।
9. कक्षनिरीक्षक के निर्देश मिलने पर ही परीक्षार्थी अपने कक्ष से बाहर जा सकेगा।

-कुलसचिव